CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 198 ▫ रायपुर, सोमवार 10 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### कोई गलती नहीं फिर क्यों भंग किया मंडल? पदाधिकारियों ने रमन सिंह से किया सवाल

**राजनांदगांव, 10 अगस्त (हाईवे चैनल)।** डोंगरगढ़ मंडल को भंग किए जाने से नाराज सैकड़ों कार्यकर्ता और मंडल पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह से मुलाकात की है। उन्होंने सवाल किया कि जब डोंगरगढ़ मंडल की कोई गलती नहीं थी फिर मंडल को भंग क्यों किया गया? मिली जानकारी के अनुसार, डोंगरगढ़ मंडल के अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना सहित नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे के साथ उपाध्यक्ष और बड़ी संख्या में पार्षद, मंडल के पदाधिकारी सभी मोर्चा के पदाधिकारी रविवार शाम को 5:00 बजे स्पीकर हाउस पहुंचकर डॉ रमन सिंह से मुलाकात की है। मंडल के पदाधिकारियों का चर्चा के दौरान यह कहना था कि डोंगरगढ़ में अंदरूनी विवाद के बाद पांच लोगों को निष्कासित किया गया लेकिन मंडल की किसी भी प्रकार की गलती के बिना विश्वास में लिए बगैर डोंगरगढ़ मंडल को भंग क्यों कर दिया गया सैकड़ो की संख्या में पहुंचे पदाधिकारी की यह मांग थी कि डोंगरगढ़ मंडल को फिर से बहाल किया जाए।

### सऊदी अरब में सोफा फैक्ट्री में लगी भीषण आग, 16 बांग्लादेशी मजदूरों की मौत

**नई दिल्ली/रियाद, 10 अगस्त (न्यूज चैनल)।** सऊदी अरब के रियाद स्थित मूसा सनैया इलाके में एक सोफा कारखाने में लगी भीषण आग में 16 बांग्लादेशी नागरिकों की मौत हो गई है। सोमवार को बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने इस घटना की पुष्टि करते हुए मृतकों के परिवारों के प्रति गहरा दुख और संवेदना व्यक्त की। मंत्रालय ने रविवार को हुई इस घटना पर एक आधिकारिक बयान जारी कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इसके साथ ही, नुकसान की इस कठिन घड़ी में मृतकों के परिवारों को पूरे समर्थन और एकजुटता का आश्वासन दिया है। इसमें आगे कहा गया कि उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति व्यक्त की और उन्हें इस अपूरणीय क्षति और दुख के समय में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह आग स्थानीय समयानुसार रविवार दोपहर करीब 3:30 बजे रियाद के खोरदम शहर में स्थित सोफा फैक्ट्री में लगी थी।




**चूहा- सुनती हो, नकटी प्रकरण पर कांग्रेस फिर चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी कर रही है।**

**चुहिया- हां जी, जब तक सत्ता की कुर्सी नहीं मिलेगी तब तक यह चलता रहेगा।**

## 'शांतिपूर्ण' प्रदर्शन रणभूमि में बदला!

# रांची में जेपीएससी-जेएसएससी छात्रों पर वॉटर कैनन और लाठीचार्ज

**नई दिल्ली, 10 अगस्त (न्यूज चैनल)।** रांची पुलिस ने जेपीएससी-जेएसएससी प्रदर्शनकारी छात्रों पर झारखंड विधानसभा घेराव मार्च के दौरान लाठीचार्ज और वाटर कैनन का प्रयोग किया। छात्रों ने शांतिपूर्ण विरोध का दावा करते हुए कई पुलिस बैरिकेड तोड़े, जिसके बाद पुलिस पर अत्यधिक बल प्रयोग के आरोप लगे। यह घटना मौजूदा विधानसभा सत्र के दौरान सरकार और छात्र आंदोलन के बीच बढ़ते तनाव को दर्शाती है।



रांची पुलिस ने विधानसभा की ओर बढ़ रहे जेपीएससी-जेएसएससी के प्रदर्शनकारी छात्रों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रदर्शनकारी छात्रों ने रांची में आंदोलन में शामिल सभी छात्रों से एकजुटता बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि सोमवार को होने वाला विधानसभा मार्च शांतिपूर्ण रहे। रांची पुलिस आज के विधानसभा मार्च के लिए पूरी तरह तैयार है; एसपी पारस राणा ने प्रदर्शनकारी छात्रों को भरोसा दिलाया है कि अगर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहता है, तो उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

विधानसभा घेराव मार्च के दौरान पुलिस की लाठीचार्ज में घायल हुए छात्र प्रदर्शनकारी विक्रम कुमार ने कहा कि हेमंत सोरेन जी, आपको ऐसा नहीं करना चाहिए था। हम शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे थे। हमने कोई गाली-गलौज भी नहीं की थी। अचानक पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। यह ठीक नहीं है। प्रदर्शन कर रहे एक छात्र ने कहा कि पुलिस बैरिकेडिंग के पास प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बर्बर लाठीचार्ज किया गया। लाठी का इस्तेमाल सिर्फ कमर के नीचे ही किया जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने हमारे सिर, हाथों, चेहरे और शरीर के बाकी हिस्सों पर भी लाठियां मारीं। इससे सरकार का दोहरा रवैया पता चलता है। इससे पहले छात्र प्रदर्नकारियों के सातवें और आखिरी बैरिकेडिंग तक पहुंचते ही पुलिस ने उनपर वाटर कैनन एक्शन शुरू कर दिया. ऐसे में छात्र पानी में जमकर डांस करने लगे और कहने लगे- और चलाओ, और चलाओ। विधानसभा घेराव मार्च के दौरान छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि जब सरकार ने नुकीले बैरिकेड लगाए, तो तबीयत ठीक न होने के बावजूद मैं खुद को रोक नहीं पाया। क्या यह पाकिस्तान, बांग्लादेश या चीन का बॉर्डर है? ये छात्र हैं।

## राजधानी में शर्मनाक वारदात, शराब पिलाकर महिला से गैंगरेप, नाबालिग समेत 4 गिरफ्तार

**रायपुर, 10 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में महिला से सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है. शराब पिलाकर तीन युवकों ने महिला की आबरू लूट ली. शर्मनाक करतूत को अंजाम देने वाले नाबालिग समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. इस घटना ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, न्यायधानी बिलासपुर के चकरभाठा निवासी महिला को सरोना शराब दुकान के पास लेकर गए. जहां उसे जबरन या बहला-फुसलाकर शराब पिलाई गई. शराब सेवन से महिला सुध-बुध खो बैठी. सुरक्षित ठिकाने के बजाए आरोपियों ने उस आबादी वाले क्षेत्र को अंजाम देने के लिए चुना जहां हाइवे होने के बावजूद सर्वीस रोड पर स्ट्रीट लाइट नहीं है. अंधेरे का फायदा उठाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया।



दरिंदो की हवस यहीं नहीं बुझी थी. इसके बाद महिला को लेकर आरडी तिवारी स्कूल के मैदान में लेकर पहुंचे. यहां भी उसे शराब पिलाई गई और उसके साथ दोबारा सामूहिक दुष्कर्म किया। आजाद चौक थाना में पीड़िता ने शिकायत कराने पहुंची, जिसके आधार पर जीरो पर मामला दर्ज कर लिया गया है. चूंकि घटना का क्षेत्र डीडी नगर थाना अंतर्गत आता है, इसलिए प्रकरण में जांच के लिए डीडी नगर पुलिस को केस ट्रांसफर कर दिया गया है. वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शिवा, आयुष, दुर्गा के अलावा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है. सभी से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## स्पॉ सेंटर की आड़ में देह व्यापार मैनेजर और महिला दलाल के साथ 9 आरोपी गिरफ्तार



**भिलाईनगर, 10 अगस्त (हाईवे चैनल)।** वेलनेस स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का खुलासा कर मैनेजर व महिला दलाल समेत 9 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 4 लाख रुपये कीमत के 19 मोबाइल फोन तथा ग्राहकों से प्राप्त 1,900 रुपये नगद जब्त की है।

ग्रामीण एएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ली वेलनेस स्पा सेंटर, जुनवानी में स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार संचालित किया जा रहा है। सूचना पर स्मृतिनगर पुलिस टीम गठित कर मौके पर रेड मारा। कार्रवाई के दौरान स्पा सेंटर मैनेजर तनय सोनी द्वारा पैसे लेकर देह व्यापार के लिए महिलाओं को उपलब्ध कराने तथा महिला दलाल हेमा सिंह उर्फ प्रीत के माध्यम से लड़कियां उपलब्ध कराए जाने की जानकारी सामने आई। मौके से उपरोक्त आरोपियों के अतिरिक्त ग्राहक एवं अन्य संबंधित व्यक्ति पाए गए।

पुलिस द्वारा मौके से 19 नग मोबाइल फोन, ग्राहकों से प्राप्त 1,900 रुपये नगद, ग्राहकों एवं देह व्यापार के लिए आने वाले व्यक्तियों की जानकारी से संबंधित सामग्री, आपत्तिजनक सामग्री एवं अन्य दस्तावेज जब्त किए। आरोपियों में तनय सोनी (23 वर्ष) निवासी पद्मनाभपुर महाराजा चौक, हेमा सिंह उर्फ प्रीत (32 वर्ष) निवासी राधिका नगर, रूपेन्द्र जंघेल ( 39 वर्ष) निवासी अनुभा रेसिडेंसी, जुनवानी, रितिक सोनी (26 वर्ष) निवासी राम नगर उरला दुर्ग शामिल है। इसके अलावा दिनेन्द्र कुमार सोनी (27 वर्ष) निवासी पोटिया कला, हेमंत सिन्हा, (28 वर्ष) निवासी वृंदा नगर, अविनाश शर्मा उर्फ अभी (32 वर्ष) निवासी कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड, आनंद कुमार (31 वर्ष) निवासी वैशाली नगर व अरुण पाण्डेय (24 वर्ष) निवासी स्मृति नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरूद्ध अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 की धारा 3, 4, 5 एवं 7 के तहत कार्रवाई की है।

## बारिश का कहरः 24 घंटे बाद भी नहीं मिला उफनती नदी में डूबा नाबालिग

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही/पिथौरा, 10 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ में पिछले कई दिनों से मानसून सक्रिय है. अलग-अलग जिलों में लगातार हो रही बारिश अब जानलेवा साबित हो रही है. जलस्तर बढ़ने से नदी-नाले उफान पर है. नालों के ऊपर से तेज बहते पानी में भी लोग लापरवाही बरतना नहीं छोड़ रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार महासमुंद जिले में लगातार बारिश के बीच बाघ नदी का बढ़ा जलस्तर जानलेवा साबित हुआ है. पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम कौड़िया में नदी में 17 वर्षीय नाबालिग हरिशंकर ठाकुर डूब गया. घटना के बाद एनडीआरएफ टीम लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है, लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी नाबालिग का कोई सुराग नहीं मिल सका है. उल्लेखनीय है हरिशंकर ठाकुर नदी के तेज बहाव की चपेट में आकर वह डूब गया. घटना की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया. घटना की सूचना मिलते ही पिथौरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. पुलिस पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है और एनडीआरएफ की टीम के साथ तलाश अभियान में समन्वय कर रही है. पिछले 24 घंटे से जवान लगातार नदी के अलग-अलग हिस्सों में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं।

### नाला पार करना बुजुर्ग को पड़ा भारी



इधर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में लगातार जारी मूसलाधार बारिश से निचले इलाकों और नदी-नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है. हालात बिगड़ने के बावजूद लोग जान जोखिम में डालकर उफनते नदी-नालों को पार करने से बाज नहीं आ रहे हैं. ताजा मामला खोडरी थाना क्षेत्र के बढ़ावनढांड-पीपरखूंटी मार्ग का है, जहां खूंटी नाले के तेज बहाव में एक बुजुर्ग बाइक सवार बहने से बाल-बाल बच गया।

## दंतेवाड़ा में सड़क पर दिखा बाघ

**दंतेवाड़ा, 10 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में रविवार रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब सड़क पर अचानक एक बाघ दिखाई दिया। रात के अंधेरे में सड़क से गुजर रहे एक ट्रक चालक की नजर बाघ पर पड़ी। चालक ने तत्काल वाहन रोक दिया। अचानक सामने बाघ को देखकर वह घबरा गया और कुछ देर तक वाहन को वहीं रोककर स्थिति का जायजा लेता रहा। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग भी सक्रिय हो गया है और आसपास के इलाकों में लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा जिले के मासोड़ी क्षेत्र में रात के समय एक ट्रक सड़क से गुजर रहा था। इसी दौरान ट्रक चालक ने सामने अंधेरे में किसी वन्यजीव की मौजूदगी महसूस की। जैसे ही उसने वाहन की हेडलाइट जलाई, सड़क पर बाघ दिखाई दिया। अचानक सामने बाघ को देखकर चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक को रोक दिया। कुछ देर तक बाघ सड़क के आसपास मौजूद रहा। इस दौरान चालक ने सुरक्षित दूरी बनाए रखी और मामले की जानकारी संबंधित लोगों को दी। सड़क पर बाघ दिखाई देने की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया।




## उज्जैन से लौट रहे 6 युवकों की दर्दनाक मौत रॉन्ग साइड से आए ट्रॉले ने मारी टक्कर

**नई दिल्ली, 10 अगस्त (न्यूज चैनल)।** धार जिले में बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर रविवार दोपहर भीषण सड़क हादसे में 6 युवकों की मौत हो गई। पंचकवासा गांव के पास करीब 1 बजे तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रॉले ने सामने से आ रही मारुति ईको वैन को टक्कर मार दी। हादसे में वैन सवार 6 युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। एक युवक गंभीर रूप से घायल है। उसे बदनावर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक ट्रॉला क्रमांक जीजे 39 डीबी 9248 बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर रॉन्ग साइड से उज्जैन की ओर जा रहा था। इसमें लोहे का सामान भरा हुआ था। दूसरी ओर मारुति ईको वैन क्रमांक जीजे 17 सीके 6134 उज्जैन से गुजरात की ओर जा रही थी।



## निगम काम्पलेक्सों की दुर्दशा: छड़ें बाहर निकली प्लास्टर उखड़ रहा, छतों-दीवारों से रिस रहा पानी

**धमतरी, 10 अगस्त (हाईवे चैनल)।** वैसे तो नगर निगम धमतरी द्वारा करोड़ो अरबो के विकास के दावे करती रहती है। लेकिन जब बात निगम के स्वयं के भवनों की आती है तो उसकी बदहाल दशा निगम के कथनी करनी में फर्क प्रतीत करता है।



शहर में नगर निगम के कई व्यवसायिक काम्पलेक्स है। जिनमें कई व्यापारियों द्वारा सालों से व्यापार किया जा रहा है। इन काम्पलेक्सो की दशा साल दर साल खराब होते जा रही है। काम्पलेक्सो में व्यापार करने वाले व्यापारियों की माने तो निगम, काम्पलेक्स निर्माण कर व्यापारियों को सौंप कर भुल चुका है। न तो कभी काम्पलेक्सो की दशा जानने निरीक्षण होता है और न ही सुधार के कोई प्रयास होते है। शहर के नया बस स्टैण्ड स्थित व्यवसायिक काम्पलेक्स, पुराना बस स्टैण्ड स्थित काम्पलेक्स, रत्नाबांधा रोड स्थित काम्पलेक्स की दशा बिगड़ती जा रही है। यंहा स्वच्छता भगवान भरोसे है। महीनों सालों तक यहां सफाई नहीं होती कचरे का ढेर लगा रहता है। कई जगहों से काम्पलेक्स की छते व दीवारे कमजोर हो चुकी है। छतो दीवारो से पानी रिसता है। व्यापारी मजबूरी वश स्वयं मरम्मत कराते है.पुराना बस स्टैण्ड स्थित काम्पलेक्स में दीवार से छड़े बाहर लटक रही है। कई जगह सीलन व सीपेज है। भवन जर्जर अवस्था में है। मूत्रालय से बदबू असहनीय है।

**विकास के बड़े बड़े दावे करने वाला नगर निगम स्वयं के भवनों का नहीं सुधार पा रहा दशा, स्वच्छता देखरेख भी भगवान भरोसे, इसलिए जर्जर हो रहे काम्पलेक्स**

नया बस स्टैण्ड स्थित निगम के व्यवसायिक काम्पलेक्स में सफाई का बुरा हाल है। काम्पलेक्स के नीचे पीर्किंग अघोषित कब्जादारों व आवारा मवेशियों से गौठान जैसा प्रतीत होता है। छतो दीवारों से पानी रिसता रहता है। असामाजिक तत्वों का जमघट लगता है। रोजाना गंजेडियों, शराबियो की टोली बैठती है डर के कारण व्यापारी इसका विरोध भी नहीं कर पाते है। रत्नाबांधा रोड स्थित काम्पलेक्स में भी स्वच्छता व्यवस्था का बुरा हाल है। इस काम्पलेक्स को भी निगम बना कर मानों भुल गया हो।

**भाजपा-कांग्रेस दोनों शासनकाल में नहीं सुधरी दशा**

राजनीति हेतु भाजपा-कांग्रेस द्वारा एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते जाते है। लेकिन जब बात निगम के स्वयं के काम्पलेक्स की आती है तो भाजपा कांग्रेस दोनो ने ही अपने शासन काल के दौरान काम्पलेक्स की कभी सुध नहीं ली और विपक्ष में आने पर आरोप प्रत्यारोप का दौर चलता है।

**कलेक्टर, महापौर, निगम आयुक्त से उम्मीदें**

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, महापौर रामू रोहरा, और नवपदस्थ निगम आयुक्त अरुण कुमार वर्मा द्वारा जनहित में लगातार निरीक्षण कर जमीनी हकीकत से रुबरु होकर व्यवस्था में सुधार कराते रहते है। ऐसे में काम्पलेक्स के व्यापारियों को उक्त तीनों जिम्मेदारों से काफी उम्मीदे है कि कभी निगम काम्पलेक्स की दशा जानने पहुंचेगे और इस काम्पलेक्स के दिन भी बदलेंगे।

## जब दिल्ली के मंच पर जीवंत हुई छत्तीसगढ़ की पंडवानी परंपरा

**रायपुर, 10 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ की पंडवानी को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित सांस्कृतिक मंच इंडिया हैबिटेट सेंटर में अपनी पूरी जीवंतता के साथ प्रस्तुत हुई। महान पांडवानी कलाकार और पद्म विभूषण से सम्मानित स्वर्गीय तीजन बाई की स्मृति को समर्पित विशेष प्रस्तुति के साथ आईएचसी लोक संगीत सम्मेलन 2026 का शुभारंभ हुआ। पंडवानी की इस प्रस्तुति ने छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा को दिल्ली के सांस्कृतिक परिदृश्य में एक बार फिर प्रमुखता से सामने रखा।



**इंडिया हैबिटेट सेंटर में छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा का रंग, पांडवानी ने बांधा समां**

इंडिया हैबिटेट सेंटर के स्टाइन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में पांडवानी कलाकार प्रभा यादव ने पारंपरिक संगीतकारों के साथ प्रस्तुति दी। महाभारत की कथाओं पर आधारित पंडवानी में कथा, गायन, संवाद, लय और अभिनय का ऐसा संयोजन देखने को मिला, जिसने छत्तीसगढ़ की इस विशिष्ट लोक शैली की ताकत और व्यापकता को सामने रखा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार के प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश की कला और संस्कृति से जुड़े प्रमुख व्यक्तित्व भी उपस्थित रहे। वरिष्ठ पत्रकार एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के सलाहकार आर. कृष्ण दास, धरसींवा विधायक एवं प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार अनुज शर्मा, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव तथा सांस्कृतिक कार्यकर्ता ने कार्यक्रम में भाग लिया। इंडिया हैबिटेट सेंटर के निदेशक प्रो. (डॉ.) के.जी. सुरेश और अन्वेषा कला केंद्र की सचिव अन्वेषा ब्रह्मा भी इस अवसर पर मौजूद रहीं। इस प्रस्तुति का केंद्र तीजन बाई की कला यात्रा और पांडवानी को मिली राष्ट्रीय पहचान रही। छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा से निकली पंडवानी को देश और दुनिया के बड़े मंचों तक पहुंचाने में तीजन बाई का योगदान असाधारण रहा। उन्होंने अपनी विशिष्ट शैली से पंडवानी को नई पहचान दी और इसे भारतीय लोक प्रदर्शन कलाओं की प्रमुख विधाओं में स्थापित किया।

तीजन बाई को समर्पित प्रस्तुति के जरिए उनके कला जीवन और छत्तीसगढ़ की उस परंपरा को याद किया गया, जिसमें कथावाचन केवल मनोरंजन नहीं बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक स्मृतियों और जीवन मूल्यों को आगे बढ़ाने का माध्यम रहा है। इंडिया हैबिटेट सेंटर के निदेशक प्रो. (डॉ.) के.जी. सुरेश ने कहा कि भारत की लोक कलाएं देश की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनमें पीढ़ियों से चली आ रही कहानियां, परंपराएं और मूल्य सुरक्षित हैं।

CMYK